Ministry of Women and Child Development
Government of India

सत्यमेव जयते
Government of India

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

# Lauding the Excellence of **India's Children**

# **भारतीय बच्चों** का प्रशस्ति उत्सव




## **PRADHAN MANTRI**
## RASHTRIYA BAL PURASKAR 2022

## **प्रधान मंत्री**
## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022



राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA



## MESSAGE

I am delighted to learn about the accomplishments of children who have been selected for Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2022.

I commend the efforts of the Ministry of Women and Child Development in recognizing and rewarding the children for their talent in the field of academics, art and culture, bravery, sports, innovation and social service. While acknowledging their feats, we not only encourage and motivate these young achievers but also kindle hopes and aspirations of millions of other young children to follow their dreams and aspirations.

I congratulate these children, their parents, teachers and guardians on this occasion. I urge all children to learn, practice, and innovate to take our nation to new scales of success and prosperity.

(Ram Nath Kovind)

New Delhi
January 22, 2022

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA

## संदेश

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 के लिए चुने गए बच्चों की उपलब्धियों के बारे में जानकार मुझे प्रसन्नता हुई है।

शिक्षा, कला और संस्कृति, वीरता, खेल, नवाचार और समाज सेवा के क्षेत्र में इन बच्चों की उपलब्धियों को पहचानने और सम्मानित करने के लिए, मैं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करता हूँ। इनकी उपलब्धियों को स्वीकृत और सम्मानित करके हम, इन पुरस्कृत बच्चों को प्रोत्साहित और प्रेरित करने के साथ ही लाखों अन्य बच्चों में अपने सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के प्रति आशाएँ और आकांक्षाएँ भी जगाते हैं।

इस अनुपम उपलब्धि के लिए मैं इन बच्चों, उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई देता हूँ। साथ ही, मैं सभी बच्चों का आह्वान करता हूँ कि वे सीखने, अभ्यास करने, नवाचार करने को अपने जीवन का ध्येय बनाएं और राष्ट्र को सफलता एवं समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

(राम नाथ कोविन्द)

नई दिल्ली
22 जनवरी, 2022



सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

## संदेश

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2022 प्राप्त करने वाले सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई।

शिक्षा, खेल, कला व संस्कृति, समाज सेवा, वीरता और नवाचार जैसे क्षेत्रों में आपके उल्लेखनीय कार्य देश के हर नागरिक और विशेष रूप से देश के करोड़ों बच्चों के लिए प्रेरक हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हमारी नयी पीढ़ी की उपलब्धियों को पहचान दिलाने और उन्हें सम्मानित करने का यह प्रयास सराहनीय है।

हमारे देश की समृद्ध विरासत के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करती नयी पीढ़ी, देश की दीर्घकालीन प्रगति की मजबूत नींव का निर्माण कर रही है। आजादी के अमृत कालखंड में एक समृद्ध और भव्य भारत के संकल्प की सिद्धि में इन साथियों की प्रतिभा और प्रयास अहम् भूमिका निभाने वाले हैं।

बाल पुरस्कार से सम्मानित हर बच्चे की उपलब्धि, भविष्य के भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के देश के असीम सामर्थ्य का ही प्रतिबिम्ब है। आप सभी की उपलब्धियों के लिए आपके परिजन और गुरूजन भी बधाई के पात्र हैं।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2022 से सम्मानित सभी बच्चों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
माघ 04, शक संवत्, 1943
24 जनवरी, 2022




स्मृति ज़ुबिन इरानी
Smriti Zubin Irani

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

मंत्री
महिला एवं बाल विकास
भारत सरकार
नई दिल्ली
Minister
Women & Child Development
Government of India
New Delhi


D.O No. 19019/8/2020-CW-I

21st January, 2022

**Pardhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar**

The Ministry of Women & Child Development is pleased to organise Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022. It is our solemn duty to provide and ensure a congenial and conducive environment for the growth and development of our children - the future of our Nation. We must fulfil our duty towards our children by eliminating roadblocks that hinder their natural growth and encourage them to realise their true potential.

The Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar (PMRBP) is an initiative to acknowledge outstanding accomplishments and celebrate ability and enthusiasm of our children. The accomplishments of PMRBP awardees against the backdrop of Covid-19 pandemic are phenomenal. The young winners of PMRBP 2022 have achieved remarkable success in the fields of Art & Culture, Scholastic, Innovation and Sports. The spirit of social service and determination to help the society exuded by these children is commendable as well as inspiring.

As we celebrate these children, my deepest gratitude to the parents and teachers who have nurtured and supported them. I congratulate all the winners of Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2022 and extend my best wishes for success in all their future endeavours.

**Jai Hind!**

Smriti Irani

**(Smriti Zubin Irani)**


Office Address Room No 301, 'A' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi 110001
Tel.: No. 011-23071331, 23071332, 23071327, 23071328, 23071329
Resi.: 28, Tughlak Crescent, New Delhi-110003, Phone : 011-23011382



स्मृति ज़ुबिन इरानी
Smriti Zubin Irani

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

मंत्री
महिला एवं बाल विकास
भारत सरकार
नई दिल्ली
Minister
Women & Child Development
Government of India
New Delhi


**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022' का आयोजन करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को अति प्रसन्नता हो रही है। हमारे राष्ट्र का भविष्य - बच्चों की उन्नति एवं विकास के लिए एक अनुकूल और सहायक वातावरण प्रदान करना हमारा महत्वपूर्ण कर्तव्य है। हमें बच्चों के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की दिशा में उन बाधाओं को दूर करना चाहिए जो उनके प्राकृतिक विकास में बाधा डालती है और उन्हें उनकी वास्तविक क्षमता का बोध करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी), हमारे बच्चों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करने और वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित करने की एक अनूठी पहल है। कोविड-19 महामारी के बावजूद प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियां अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 के युवा विजेताओं ने कला एवं संस्कृति, शैक्षिक, नवाचार और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इन बच्चों में समाज सेवा की भावना प्रशंसा के योग्य है और प्रेरणादायी भी।

इन बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करने के साथ-साथ, इनके माता-पिता और शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ जिन्होंने इनको जीवन में आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु सहयोग किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 के सभी विजेताओं को मैं बधाई देती हूँ और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

**जय हिन्द!**

स्मृति इरानी

**( स्मृति ज़ूबिन इरानी )**


Office Address Room No 301, 'A' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi 110001
Tel.: No. 011-23071331, 23071332, 23071327, 23071328, 23071329
Resi.: 28, Tughlak Crescent, New Delhi-110003, Phone : 011-23011382



डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई
**Dr. Munjpara Mahendrabhai**
(M.D. Medicine)

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
महिला एवं बाल विकास और आयुष
भारत सरकार
Minister of State for
Women & Child Development and AYUSH
Government of India

## Message

I convey my best wishes to all the children who have been selected for this year's Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar.

This award gives due recognition to children who distinguish themselves by performing outstanding deeds of bravery and seeks to inspire other children to emulate their example. It is because of their courage and determination they have been able to achieve this feat.

To peer into the darkness and find the light is something that requires a lot of courage. These awardees inspire other children with their actions and give others a direction of self belief to showcase their abilities and skills and instills confidence among other children.

Often such recognition leads to higher than usual future expectations from the awardees. I hope that these children would become responsible citizens of our country and would play a leading role in building India a strong nation.

I once again congratulate all the winners on their achievement and wish them a healthier, prosper and bright future ahead.

**JAI HIND...**

(Dr. Munjpara Mahendrabhai)

Office (WCD) : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63
Office (AYUSH) : AYUSH Bhawan, B-Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023, Tel. : 011-24651955/1935
Resi.: 23, Ajanta Society, Behind Mahila College, Wadhwan, Surendranagar-363035, Gujarat

डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई
**Dr. Munjpara Mahendrabhai**
(M.D. Medicine)

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
महिला एवं बाल विकास और आयुष
भारत सरकार
Minister of State for
Women & Child Development and AYUSH
Government of India

## संदेश

मैं उन सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं जिन्हें इस वर्ष के ***प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार*** के लिए चुना गया है।

यह पुरस्कार उन बच्चों को उचित पहचान देता है जो वीरता के उत्कृष्ट कार्य करके खुद की अलग पहचान बनाते हैं और अन्य बच्चों को उनका अनुकरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। अपने साहस और दृढ संकल्प के चलते वे यह पुरस्कार हासिल करने में सफल रहे हैं। शायद उनके दैनिक संघर्षों ने प्रतिकूल स्थितियों से साहसपूर्वक निपटने का जुनून पैदा करने में उनकी मदद की होगी।

अंधेरे में झांकने और उजाले को खोजने के लिए बहुत साहस की जरूरत होती है। वे न केवल अपने कार्यों से अन्य बच्चों को प्रेरित करते हैं बल्कि दूसरों को ऐसी दिशा भी देते हैं जिसमें वे विश्वास कर सकते हैं और अपनी क्षमताओं और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं और अक्सर अन्य बच्चों में आत्मविश्वास की भावना जगाते हैं।

अक्सर ऐसे सम्मान से पुरस्कार विजेता भविष्य की सामान्य उम्मीदों से अधिक कर गुजरते हैं। मैं आशा करता हूं कि ये बच्चे हमारे देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने में मदद करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

मैं एक बार फिर सभी विजेताओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देता हूं और उनके स्वस्थ, समृद्ध और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

(डॉ. मुंजपरा मेहन्द्रभाई)

Office (WCD) : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63
Office (AYUSH) : AYUSH Bhawan, B-Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023, Tel. : 011-24651955/1935
Resi.: 23, Ajanta Society, Behind Mahila College, Wadhwan, Surendranagar-363035, Gujarat

# PRADHAN MANTRI
## RASHTRIYA BAL PURASKAR 2022

# प्रधान मंत्री
## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022


| | |
|---|---|
| ART & CULTURE / कला एवं संस्कृति | 9 |
| BRAVERY / वीरता | 16 |
| INNOVATION / नवाचार | 20 |
| SCHOLASTICS / ज्ञानार्जन | 28 |
| SOCIAL SERVICE / समाज सेवा | 30 |
| SPORTS / खेल | 35 |





# ART & CULTURE
# कला एवं संस्कृति



# GAURI MAHESHWARI

Kumari Gauri Maheshwari born on 12th May, 2008 is a young calligrapher of India who has not only shown mastery in her field but has also registered her name in India Book of Records, Asia Book of Records and International Book of Records as one of the youngest calligrapher. She has mastered more than 100 styles of calligraphy and has many online students of all age groups. Kumari Gauri aspires to take Calligraphy to the next level by becoming the best calligrapher and wants to enter the field of designing, branding and logo designing for Indian and International Companies.

Kumari Gauri Maheshwari is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Art & Culture.



# गौरी माहेश्वरी

कुमारी गौरी माहेश्वरी का जन्म 12 मई 2008 को हुआ था, जो भारत कि एक युवा कैलिग्राफर हैं और जिन्होंने न केवल अपने क्षेत्र में महारत हासिल कि है बल्कि इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी अपना नाम सबसे कम उम्र में एक कैलिग्राफर के रूप में दर्ज किया है। उन्होंने कैलिग्राफी की 100 से अधिक शैलियों में महारत हासिल की है और इनके सभी आयु वर्ग के कई ऑनलाइन छात्र हैं। कुमारी गौरी सर्वश्रेष्ठ कैलिग्राफर बनकर कैलिग्राफी को अगले स्तर तक ले जाने की आकांक्षा रखती हैं और भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के लिए डिजाइनिंग, ब्रांडिंग और लोगो डिजाइनिंग के क्षेत्र में प्रवेश करना चाहती हैं।

कुमारी गौरी माहेश्वरी को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## REMONA EVETTE PEREIRA

Kumari Remona Evette Pereira born on 04.11.2005 is a young performer of “Bharatnatyam” from past 13 years. She has given various dance performances on broken glass, with fire, balance on mud pot, etc. She has achieved several mile stones in her field. Besides various awards her name finds mention in the "Golden Book of World Record - London 2017", "India Book of Record 2017" and "Bharat Book of World Record 2017".

Kumari Remona Evette Pereira is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Art & Culture.



## रेमना इवेट पेरेरा

कुमारी रेमना इवेट पेरेरा का जन्म 04.11.2005 को हुआ था, जो पिछले 13 वर्षों से "भरतनाट्यम" की एक युवा कलाकार हैं। उन्होंने टूटे शीशे पर, आग के साथ मिट्टी के घड़े पर संतुलन आदि के साथ विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियाँ दी हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र में कई मुकाम हासिल किए हैं। विभिन्न पुरस्कारों के अतिरिक्त उनके नाम का उल्लेखन "गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड – लंदन 2017", "इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड 2017" और "इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड 2017" में है।

कुमारी रेमना इवेट पेरेरा को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# DEVIPRASAD

Master Deviprasad born on 17th March, 2007 is a young Carnatic music percussionist. He is primarily adept in playing the Mridangam. Since a very young age he has been performing at many Carnatic music concerts and has played alongwith many renowned musicians. He has received many scholarships for his talent with which he has conquered the world of music with his beats on the mridangam.

Master Deviprasad is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Art & Culture.



# देवीप्रसाद

मास्टर देवीप्रसाद का जन्म 17 मार्च, 2007 को हुआ था, जो एक युवा कर्नाटक संगीत वादक हैं। वह मुख्य रूप से मृदंगम बजाने में माहिर हैं। वह बहुत कम उम्र से वह कई कर्नाटक संगीत का समारोहों में प्रदर्शन कर रहे हैं और कई प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ प्रदर्शन चुके हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा के लिए कई छात्रवृत्तियां प्राप्त की हैं जिसके साथ उन्होंने मृदंगम पर अपनी ताल के साथ संगीत की दुनिया को जीत लिया है।

मास्टर देवीप्रसाद को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# SYED FATEEN AHMED

Master Syed Fateen Ahmed born on 4th January, 2008 has proven his talent in playing Western Classical piano. He has won various International Piano Competitions and he is one of the Youngest Certified Indian to score a distinction in Diploma in Music. He aspires to put India on the World Map of Classical Music. He has also performed for UNESCO World Art Day.

Master Syed Fateen Ahmed is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Art & Culture.



# सैयद फतीन अहमद

मास्टर सैयद फतीन अहमद का जन्म 4 जनवरी, 2008 हुआ था, जिन्होंने पश्चिमी शास्त्रीय पियानो बजाने में अपनी प्रतिभा साबित की है। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पियानो प्रतियोगिताएं जीती हैं और वे संगीत में डिप्लोमा प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के प्रमाणित भारतीय बच्चों में से एक हैं। वह भारत को शास्त्रीय संगीत में विश्व मानचित्र पर लाना चाहते हैं। उन्होंने यूनेस्को विश्व कला दिवस के लिए भी प्रदर्शन किया है।

मास्टर सैयद फतीन अहमद को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## DAULAS LAMBAMAYUM

Master Daulas Lambamayum born on 28.11.2007 has shown his skill in the field of painting and photography and has excelled in his field. His work has received admiration at various exhibitions and competitions organized at various occasions.

Master Daulas Lambamayum is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Art & Culture.



## दौलस लेम्बामायूम

मास्टर दौलस लेम्बामायूम का जन्म 28 नवंबर 2007 को हुआ था, जिन्होंने पेंटिंग और फोटोग्राफी के क्षेत्र में अपना कौशल दिखाया है और इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके काम को विभिन्न अवसरों पर आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं में प्रशंसा मिली है।

मास्टर दौलस लेम्बामायूम को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## DHRITISHMAN CHAKRABORTY

Master Dhritishman Chakraborty born on 16.03.2016 has an inborn talent of singing. At the tender of 5 years he has shown remarkable talent for singing. He can sing in five different languages i.e. Assamese, Sanskrit, Bengali, Hindi and English. He was conferred as the "Youngest Multilingual Singer" under India Book of Records 2021.

Master Dhritishman Chakraborty is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Art & Culture.



## धृतिष्मान चक्रवर्ती

मास्टर धृतिष्मान चक्रवर्ती का जन्म 16.03.2016 को हुआ था, जिनकी गायन में जन्मजात प्रतिभा है। 5 साल की छोटी उम्र में उन्होंने गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रतिभा दिखाई है। वह पांच अलग–अलग भाषाओं; असमिया, संस्कृत, बंगाली, हिंदी और अंग्रेजी में गा सकते है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2021 में उन्हें "सबसे कम उम्र के बहुभाषी गायक" के रूप में उल्लिखित किया गया।

मास्टर धृतिष्मान चक्रवर्ती को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।


# BRAVERY
# वीरता



# GURUGU HIMAPRIYA

Kumari Gurugu Himapriya born on 25.01.2009 has shown immense bravery when they were attacked by a terrorist in February, 2018 at Sunjuwan Mil Camp, Jammu, by engaging in conversation with one terrorist for 4 to 5 hours despite heavily been hit by grenades and also negotiated thereby and prevented families from being targeted by terrorist.

Kumari Gurugu Himapriya is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Bravery.



# गुरूगु हिमाप्रिया

कुमारी गुरुगु हिमाप्रिया का जन्म 25 जनवरी 2009 को हुआ था, जिन्होंने फरवरी, 2018 में जम्मू के सुंजवान मिल कैंप में एक आतंकवादी हमले के दौरान, हथगोले से बुरी तरीके से चोटिल होने के बावजूद 4 से 5 घंटे तक एक आतंकवादी को बातचीत में फँसाकर बातचीत करते रही और अपने साथ साथ अन्य परिवारों को भी आतंकवादियों से बचाया।

कुमारी गुरुगु हिमाप्रिया को बहादुरी के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# SHIVANGI KALE

Kumari Shivangi Kale born on 16.04.2015 has shown her fearlessness at a tender age of less than 6 years. With her presence of mind she saved the lives of her sister and mother by saving them electrocution. The courage shown by Kumari Shivangi is rare to be seen at this age.

Kumari Shivangi Kale is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Bravery.



# शिवांगी काले

कुमारी शिवांगी काले का जन्म 16 अप्रैल 2015 को हुआ था, जिन्होंने 6 वर्ष कि छोटी उम्र में ही अपनी निडरता दिखाई है। उसने अपनी सूझबूझ से अपनी बहन और मां को बिजली के आघात से बचाकर उनकी जान बचाई। कुमारी शिवांगी द्वारा दिखाया गया साहस इस उम्र में कम ही देखने को मिलता है।

कुमारी शिवांगी काले को बहादुरी के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## DHIRAJ KUMAR

Master Dhiraj Kumar born on 23.05.2007 has displayed his courageous act of bravery, when his younger brother was caught by an alligator in the river Gandak. While all other boys accompanying them ran away, Master Dhiraj fearlessly fought with the alligator and finally succeeded to save his brother.

Master Dhiraj Kumar is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Bravery.



## धीरज कुमार

मास्टर धीरज कुमार का जन्म 23 मई 2007 को हुआ था, जिन्होंने अपने साहस को तब प्रदर्शित किया जब उनके छोटे भाई को गंडक नदी में एक मगरमच्छ ने पकड़ लिया था। उस समय जब उनके साथ के सभी बच्चे भाग गए, मास्टर धीरज ने निदारतापूर्वक मगरमच्छ से लड़ते हुए अंततः अपने भाई को बचाने में सफल रहे।

मास्टर धीरज कुमार को वीरता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# INNOVATION

# नवाचार

## SHIVAM RAWAT

Master Shivam Rawat born on 16.09.2004 has used Bio-informatics for his research on Indian Mustard plant. His research seeks to support the increase in crop productivity. He has also won awards and is presently working on other such projects.

Master Shivam Rawat is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Innovation.



## शिवम रावत

मास्टर शिवम रावत का जन्म 16 सितंबर 2004 को हुआ था, जिन्होंने भारतीय सरसों के पौधे पर अपने शोध के लिए जैव सूचना विज्ञान का उपयोग किया है। उनका शोध फसल उत्पादकता में वृद्धि से संबंधित है। उन्होंने पुरस्कार भी जीते हैं और वर्तमान में ऐसी अन्य परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

मास्टर शिवम रावत को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# VISHALINI N C

Kumari Vishalini N C born on 15.09.2014 has achieved significant achievements in the field of innovation at very young age. She has invented "An Automatic Multi-Functional Life Rescue Flood House" which can prevent drowning during flood disasters. She is one of the youngest patent holders of India at the age of 6 years.

Kumari Vishalini N C is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Innovation.



# विशालिनी एन सी

कुमारी विशालिनी एन सी का जन्म 15 सितंबर 2014 को हुआ था, जिन्होंने बहुत कम उम्र में नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने "एक स्वचालित बहु–कार्यात्मक जीवन बचाव बाढ़ घर" का आविष्कार किया है जो बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान डूबने से रोक सकता है। वह 6 साल की उम्र में भारत की सबसे कम उम्र की पेटेंट धारकों में से एक हैं।

कुमारी विशालिनी एनसी को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# JUI ABHIJIT KESKAR

Kumari Jui Abhijit Keskar born on 28.03.2006 has invented a wearable tremor profiling device, called JTremor3D. She was inspired by her uncle who was having Parkinsons and wanted to ease his living. The device is in the form of a glove or a strap. Kumari Jui has also come up with JTremor Index to represent the tremor profile of a body. The tremor profile analysis can assist Neurologists during dosage planning.

Kumari Jui Abhijit Keskar is being awarded the Pradhan Mantri Rashtirya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Innovation.



# जुई अभिजीत केसकर

कुमारी जुई अभिजीत केसकर का जन्म 28 मार्च 2006 को हुआ था, जिन्होंने एक पहनने योग्य ट्रेमर प्रोफाइलिंग डिवाइस का आविष्कार किया है, जिसे JTremor3D कहा जाता है। वह अपने चाचा से प्रेरित थी, जिन्हे पार्किंसन था और वह अपने जीवन को आसान बनाना चाहते थे। यह डिवाइस एक दस्ताने या एक पट्टा के रूप में है। कुमारी जुई ने शरीर के ट्रेमर प्रोफाइल का प्रतिनिधित्व करने के लिए JTremor Index भी पेश किया है। ट्रेमर प्रोफ़ाइल विश्लेषण न्यूरोलॉजिस्ट को खुराक निर्धारित करने में सहायता कर सकता है।

कुमारी जुई अभिजीत केसकर को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## PUHABI CHAKRABORTI

Kumari Puhabi Chakraborti born on 25.02.2006 has developed a user-interface to control a spirometer which helps in providing adequate amount of oxygen and gas mixtures to COVID patients and eases their difficulty in breathing. She has developed an AI based application for the athletes to support their nutritional needs. She is inspired by Indian Nobel Laureates S.N. Bose and C.V. Ramen and aspires to win the Noble Prize in Physics in the future.

Kumari Puhabi Chakraborti is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Innovation.



## पुहाबी चक्रवर्ती

कुमारी पुहाबी चक्रवर्ती का जन्म 25.02.2006 को हुआ था, जिन्होंने स्पाइरोमीटर को नियंत्रित करने के लिए एक यूजर–इंटरफ़ेस विकसित किया है, जो कोविड रोगियों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और गैस मिश्रण प्रदान करने में मदद करता है और सांस लेने में उनकी कठिनाई को कम करता है। उन्होंने एथलीटों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित एप्लिकेशन विकसित किया है। वह भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता एस.एन. बोस और सी.वी. रेमन से प्रेरित हैं और भविष्य में भौतिक विज्ञान में नोबल पुरस्कार जीतने की इच्छा रखती हैं।

कुमारी पुहाबी चक्रवर्ती को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# ASWATHA BIJU

Kumari Aswatha Biju born on 10.11.2007 is a young Palaeontologist of India. During her field visits, she has collected fossil specimens of vertebrates, invertebrates, microfossils etc. She started generated awareness regarding conservation and preservation of fossils by conducting seminars and fossil display.

Kumari Aswatha Biju is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Innovation.



# अश्वथा बीजू

कुमारी अश्वथा बीजू का जन्म 10 नवंबर 2007 को हुआ था, जो भारत की एक युवा जीवाश्मविज्ञानी हैं। अपने क्षेत्रीय दौरों के दौरान उन्होंने कशेरुकी, अकशेरुकी, सूक्ष्म–जीवाश्म आदि के जीवाश्म नमूने एकत्र किए हैं। उन्होंने संगोष्ठियों और जीवाश्म प्रदर्शन का आयोजन करके जीवाश्मों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना शुरू किया है।

कुमारी अश्वथा बीजू को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# BANITA DASH

Kumari Banita Dash born on 24.09.2005 is a young astrophysicist having keen interest in asteroids. She has been recognized as a Citizen Scientist by NASA and IASC. She has designed an automated sanitizing school bag which has been recognized at National Level. Besides she has a interest in Pattachitra which is a traditional art-form from her State of Odisha.

Kumari Banita Dash is being awarded the Pradhan Mantri Rashtirya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Innovation.



# बनिता दास


कुमारी बनिता दास का जन्म 24 सितंबर 2005 को हुआ था, जो एक ऐसी युवा खगोल भौतिक विज्ञानी हैं, जिनकी क्षुद्रग्रहों में गहरी रुचि है। उन्हें NASA और IASC द्वारा एक नागरिक वैज्ञानिक के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने एक स्वचालित सैनिटाइजिंग स्कूल बैग डिजाइन किया है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। इसके अलावा उन्हें पट्टचित्र में भी रुचि है जो उनके ओडिशा राज्य की पारंपरिक कला का एक रूप है।

कुमारी बनिता दास को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## TANISH SETHI

Master Tanish Sethi born on 30.05.2007 is a young app developer. Out of the apps he has developed, one namely "Pashu Mall" connects online the buyer and seller cattle farmers. His own motivation and passion helped him to self-learn the process of developing these apps. The platform is available in Haryana and Punjab and has also scaled up across other States.

Master Tanish Sethi is being awarded the Pradhan Mantri Rashtirya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Innovation.



## तनिश सेठी

मास्टर तनिश सेठी का जन्म 30 मई 2007 को हुआ था, जो एक युवा ऐप डेवलपर हैं। उनके द्वारा विकसित किए गए ऐप्स में से एक "पशु मॉल", ऑनलाइन खरीदार और विक्रेता पशु किसानों को जोड़ता है। उनकी अपनी प्रेरणा और जुनून ने उन्हें इन ऐप्स को विकसित करने की प्रक्रिया को स्वयं सीखने में मदद की। यह प्लेटफॉर्म हरियाणा और पंजाब में उपलब्ध है और अन्य राज्यों में भी इसका विस्तार किया गया है।

मास्टर तनिश सेठी को नवाचार के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# SCHOLASTICS

# ज्ञानार्जन

# AVI SHARMA

Master Avi Sharma born on 23.06.2009 is an Author and a motivational speaker. He is also one of the youngest mentor of Vedic Mathematics. He has written an abridged version of Ramayana in Hindi and named it as Bal Mukhi Ramayana which is divided 250 Chhands. As a Motivational Speaker, he has delivered lecture on various platforms to inculcate moral values among younger generation.

Master Avi Sharma is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Scholastic.



# अवि शर्मा

मास्टर अवि शर्मा का जन्म 23.06.2009 को हुआ था, जो एक लेखक और प्रेरक वक्ता हैं। वे वैदिक गणित के सबसे कम उम्र के गुरु भी हैं। उन्होंने हिंदी में रामायण का 250 छंदों में एक संक्षिप्त संस्करण लिखा है और इसे 'बाल मुखी रामायण' नाम दिया है। एक प्रेरक वक्ता के रूप में, उन्होंने युवा पीढ़ी के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों पर व्याख्यान दिया है।

मास्टर अवि शर्मा को शैक्षिक के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# SOCIAL SERVICE
# समाज सेवा

## MEEDHANSH KUMAR GUPTA

Master Meedhansh Kumar Gupta born on 31.01.2010 has a keen interest in IT and is a young app developer. He has developed a dedicated web-portal providing all information of Covid-19 on a single platform during early stage of pandemic covid-19. His web-platforms seeks to create awareness across the nation regarding corona virus. Thus created awareness about the pandemic covid-19.

Master Meedhansh Kumar Gupta is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Social Service.



## मीधांश कुमार गुप्ता


मास्टर मीधांश कुमार गुप्ता का जन्म 31.01.2010 को हुआ था, जिनकी सूचना तकनीक में गहरी रुचि है और वह एक युवा ऐप डेवलपर हैं। उन्होंने एक वेब–पोर्टल विकसित किया है जो महामारी कोविड –19 के प्रारंभिक चरण के दौरान एक ही मंच पर कोविड –19 की सभी जानकारी प्रदान करता है। उनके द्वारा विकसित वेब–प्लेटफॉर्म देश भर में कोरोना वायरस के बारे में जागरूकता पैदा करता है। इस प्रकार उन्होंने महामारी कोविड –19 के बारे में जागरूकता पैदा की।

मास्टर मीधांश कुमार गुप्ता को समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## ABHINAV KUMAR CHOUDHARY

Master Abhinav Kumar Choudhary born on 21.09.2005 is a young entrepreneur of India. He developed an e-Commerce platform to facilitate buying and selling of used books. It has provided books to over 10,000 students and resold over 30,000 books. His initiative has helped in environment conservation also. He also developed a machine to promote the use of sanitary pads and for their eco-friendly disposal to prevent many diseases.

Master Abhinav Kumar Choudhary is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Social Service.



## अभिनव कुमार चौधरी

मास्टर अभिनव कुमार चौधरी का जन्म 21.09.2005 को हुआ था, जो भारत के एक युवा उद्यमी हैं। उन्होंने पुरानी किताबों को खरीदने और बेचने की सुविधा के लिए एक ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म विकसित किया। इस पोर्टल ने 10,000 से अधिक छात्रों को पुस्तकें प्रदान की हैं और 30,000 से अधिक पुस्तकों की बिक्री की है। उनकी इस पहल से पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिली है। उन्होंने कई बीमारियों को रोकने के लिए सैनिटरी पैड के उपयोग को बढ़ावा देने और उनके पर्यावरण के अनुकूल निपटान के लिए एक मशीन भी विकसित की है।

मास्टर अभिनव कुमार चौधरी को समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## PAL SAKSHI

Master Pal Sakshi born on 13.05.2013 is an example of self-less service towards society at such young age. He raised over Rs. 10,000/- through online musical charity show for PM CARES FUND. Subsequently, he also raised over Rs. 11,000/- for Chief Ministers Fund Relief. Further, he also developed a mobile app for awaring people about precautions of COVID-19. Master Pal Sakshi is also distributing of Basil (Tulsi) & Aloevera plants on various occasions. He is also a volunteer of Swachh Bharat Mission.

Master Pal Sakshi is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Social Service.



## पल साक्षी

मास्टर पल साक्षी का जन्म 13.05.2013 को हुआ था, जो अपनी कम उम्र में समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा की मिसाल हैं। उन्होंने पीएम केयर्स फंड के लिए ऑनलाइन म्यूजिकल चौरिटी शो के माध्यम से 10,000/– रुपये से अधिक जोड़े। इसके बाद, उन्होंने मुख्यमंत्रियों राहत कोष के लिए भी 11,000/– रुपये से अधिक जुटाए। इसके अलावा, उन्होंने लोगों को कोविड–19 की सावधानियों के बारे में जागरूक करने के लिए एक मोबाइल ऐप भी विकसित किया है। मास्टर पाल साक्षी विभिन्न अवसरों पर तुलसी और एलोवेरा के पौधों का वितरण भी कर रहे हैं। वह स्वच्छ भारत मिशन के स्वयंसेवक भी हैं।

मास्टर पल साक्षी को समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## AAKARSH KAUSHAL

Master Aakarsh Kaushal born on 11.09.2004 has developed a MIS RTPCR portal for managing the situation of COVID-19 in the District of Karnal. The project has been further expanded to other districts in Haryana. He has also made a dashboard for Covid Bed Availability for the district of Karnal which helped in saving lives.

Master Aakarsh Kaushal is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Social Service.



## आकर्ष कौशल

मास्टर आकर्ष कौशल का जन्म 11.09.2004 को हुआ था, जिन्होंने करनाल जिले में कोविड–19 की स्थिति के प्रबंधन के लिए एक MIS RTPCR पोर्टल विकसित किया है। इस परियोजना को बाद में हरियाणा के अन्य जिलों में विस्तारित किया गया है। उन्होंने करनाल जिले के लिए कोविड बिस्तर की उपलब्धता के लिए एक डैशबोर्ड भी बनाया है जिससे लोगों की जान बचाने में मदद मिली है।

मास्टर आकर्ष कौशल को समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# SPORTS
# खेल





## ARUSHI KOTWAL

Kumari Arushi Kotwal born on 12.03.2004 is an young women candidate master who started her journey at very young age. She has won several medals at national and international level. She has represented India in Commonwealth Chess Championship on several times. She has an aspiration to become a Grand Master.

Kumari Arushi Kotwal is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Sports.



## आरुषि कोतवाल

कुमारी आरुषि कोतवाल का जन्म 12.03.2004 को हुआ था, जो एक युवा 'महिला कैंडीडेट मास्टर' हैं जिन्होंने बहुत कम उम्र में अपनी यात्रा शुरू की थी। वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं। वह कई बार कॉमनवेल्थ शतरंज चौंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनकी इच्छा एक ग्रैंड मास्टर बनने की है।

कुमारी आरुषि कोतवाल को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## SHRIYA LOHIA

Kumari Shriya Lohia born on 07.05.2008 is young International Motorsports Karting Racer from India. She started her journey at a very tender age of 9 years and has won several national trophies in Motorsports. She has also participated in International racing.

Kumari Shriya Lohia is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Sports.




## श्रिया लोहिया

कुमारी श्रिया लोहिया का जन्म 07.05.2008 को हुआ था, जो भारत की युवा इंटरनेशनल मोटरस्पोर्ट्स कार्टिंग रेसर हैं। उसने 9 साल की बहुत ही छोटी उम्र में अपनी यात्रा शुरू की और मोटरस्पोर्ट्स में कई राष्ट्रीय ट्राफियां जीती हैं। वह इंटरनेशनल रेसिंग में भी हिस्सा ले चुकी हैं।

कुमारी श्रिया लोहिया को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# TELUKUNTA VIRAT CHANDRA

Master Telukunta Virat Chandra born on 09.10.2013 is a young mountaineer to summit mount Kilimanjaro, the highest peak of African continent in 2021. He got a mention in Asia Book of Records and India Book of Records for his herculean Achievement.

Master Telukunta Virat Chandra is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Sports.



# तेलुकुंटा विराट चंद्र

मास्टर तेलुकुंटा विराट चंद्र का जन्म 09.10.2013 को हुआ था, जो 2021 में अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो की चोटी पर चढ़ने वाले एक युवा पर्वतारोही हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

मास्टर तेलुकुंटा विराट चंद्र को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

## CHANDHARY SINGH CHOUDHARY

Master Chandhary Singh Choudhary born on 04.10.2008 is a young roller skater. He has made a record of 48 hours continuous roller skating practice which got mention in the Guinness Book of World Record. He has won several medals. He also set a record of 96 hours skating. He is one of the finest young roller skater of the country.

Master Chandhary Singh Choudhary is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022, for his excellence in the field of Sports.




## चंद्रय सिंह चौधरी

मास्टर चंद्रय सिंह चौधरी का जन्म 04.10.2008 को हुआ था, जो एक युवा रोलर स्केटर है। उन्होंने 48 घंटे लगातार रोलर स्केटिंग अभ्यास का रिकॉर्ड बनाया है जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने कई मेडल भी जीते हैं। उन्होंने 96 घंटे स्केटिंग का रिकॉर्ड भी बनाया हैं। वह देश के बेहतरीन युवा रोलर स्केटर में से एक हैं।

मास्टर चंद्रय सिंह चौधरी को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# JIYA RAI

Kumari Jiya Rai born on 10.05.2008 is a DIVYANG sports person who achieved India's top ranking in open water para swimming and is a world record holder in open water swimming. She is the first Autism Spectrum Disorder Girl to swim 36 KM in 08 hours and 40 min from Worli Sea Link to Gateway of India. Her name got a mention in Asia Book of Record for her achievement.

Kumari Jiya Rai is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Sports.




# जिया राय

कुमारी जिया राय का जन्म 10.05.2008 को हुआ था, जो एक दिव्यांग खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ओपन वाटर पैरा स्विमिंग में भारत की शीर्ष रैंकिंग हासिल की है और ओपन वॉटर स्विमिंग में विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। वह वर्ली सी लिंक से गेटवे ऑफ इंडिया तक 8 घंटे और 40 मिनट में 36 किमी तैरने वाली पहली 'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' बालिका हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है।

कुमारी जिया राय को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# SWAYAM PATIL

Master Swayam Patil born on 28.03.2007 has proven that disability is just a state of mind. He has been though diagnosed with downs syndrome (mentally and physically challenged), swam 5KM to sea at the age of 10 years and 14 km at the age of 13 years and set a world record. He has also represented India in International Swimming Competition and got President Award 2018 as an outstanding creative child. He has also won a number of gold medals in various state and national level swimming competitions.

Master Swayam Patil is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for his excellence in the field of Sports.



# स्वयम पाटिल

मास्टर स्वयम पाटील का जन्म 28.03.2007 को हुआ था, जिन्होंने यह साबित कर दिया है कि विकलांगता सिर्फ एक मनःस्थिति है। हालांकि उन्हें डाउन सिंड्रोम (मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग) है, लेकिन उन्होंने 10 साल की उम्र में 5 किमी समुद्र में तैर कर और 13 साल की उम्र में 14 किमी तैर कर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है और एक उत्कृष्ट रचनात्मक बच्चे के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार 2018 प्राप्त किया है। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की तैराकी प्रतियोगिताओं में कई स्वर्ण पदक भी जीते हैं।

मास्टर स्वयम पाटील को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# TARUSHI GAUR

Kumari Tarushi Gaur born on 16.03.2009 is a Guinness World Record holder in Taekwondo Martial arts. She is National Gold medalist in Taelwondo Martial Arts. She has won several times National Gold medalist in Sqay Martial Arts. Being inspired by Ms. M C Mary Kom, her aspiration is to perform for India in Olympics.

Kumari Tarushi Gaur is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Sports.



# तरूषी गौड़

कुमारी तरुषी गौड़ का जन्म 16.03.2009 को हुआ था, जो ताइक्वांडो मार्शल आर्ट में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक हैं। उन्होंने ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। वह स्के मार्शल आर्ट्स में कई बार राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। सुश्री एम सी मैरी कॉम से प्रेरित होकर, उनकी आकांक्षा ओलंपिक में भारत के लिए प्रदर्शन करने की है।

कुमारी तरुषी गौड़ को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।

# ANVI VIJAY ZANZARUKIA

Kumari Anvi Vijay Zanzarukia born on 02.06.2008 is a specially abled child. Despite being specially abled child, she has achieved a gold medal in National level championship in YOGA. Anvi is role model for all the disabled children. She is herself an inspiration for the society.

Kumari Anvi Vijay Zanzarukia is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2022 for her excellence in the field of Sports.



# अन्वी विजय झांझरुकिया

कुमारी अन्वी विजय झांझरुकिया का जन्म 02.06.2008 को हुआ था, जो एक विशेष रूप से दिव्यांग बच्चा है। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने योग में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। अन्वी सभी विकलांग बच्चों के लिए रोल मॉडल हैं। वह स्वयं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कुमारी अन्वी विजय झांझरुकिया को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया जा रहा है।



# PRADHAN MANTRI

RASHTRIYA BAL PURASKAR 2022

# प्रधान मंत्री

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022